पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-10 मंगलवार, दिनांक-24 मार्च, 2015 ई० ।

मानानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.08 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 60 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री प्रेम कुमार एवं श्री कन्हैया कुमार से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री ललन राम (ii) श्री प्रदीप कुमार

(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह (iv) डा० इजहार अहमद

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्या श्रीमती गुलजार देवी का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्या श्रीमती गुलजार देवी द्वारा पढ़ा गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री जनक सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री जनक सिंह द्वारा पढ़ा गया ।

''इस दौरान कार्यस्थगन की सूचना अमान्य किए जाने के कारण विपक्ष के मा० सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा उनसे कई बार अनुरोध किया गया कि वे शांति बनाए रखें और जो भी कहना है अपनी सीट पर जाकर कहें लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[5] **वित्तीय कार्य :-**

वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (स्वास्थ्य विभाग, भवन निर्माण विभाग तथा योजना एवं विकास विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री रामधनी सिंह द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा राज्य की स्वास्थ्य नीति पर विचार-विमर्श के लिए कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

(मा० अध्यासी सदस्य श्री हरि नारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मदन सहनी
(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iii) श्रीमती मंजू वर्मा
(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्रीमती मनोरमा प्रसाद
(vi) मो० आफाक आलम
(vii) श्री नरेन्द्र कुमार नीरज
(viii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(ix) डा० अब्दुल गफूर

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(x) श्रीमती ज्योति रश्मि
(xi) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xii) श्रीमती गुड्डो देवी

मा० प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री रामधनी सिंह द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तदुपरांत मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 11 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार दिनांक 25 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-24 मार्च, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।